# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++
Email.:-registrar@ccsuniversity.ac.in
website:- www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक : सम्बद्धता/4310 2025–26 दिनांकः 6-2-2026

सेवा में,

**समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय**
**सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

**विषयः—उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय—सारणी।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक उप सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–1/1227344/2026/70–2099/28/2025 पार्ट–02 दिनांकः 04.02.2026 का संदर्भ ग्रहण करे, जिसके द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमो को प्रारम्भ करने के लिये शासनादेश संख्या–1355/70–2099/28/2025 पार्ट–2 दिनांकः 06.11.2025 के द्वारा निर्धारित समय–सारिणी में निम्नवत् संशोधन किया जाता है:–

| क्रं. स. | कार्यवाही | समय–सीमा |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि। | ——— |
| 2. | विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि संबंध अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना | दिनांक 15 फरवरी, 2026 तक। |
| 3. | अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना। | दिनांक 25 फरवरी, 2026 तक। |
| 4. | ऑनलाइन अनापत्ति के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 05 मार्च, 2026 तक। |
| 5. | शासन में अपील निस्तारित करने की अंन्तिम तिथि। | दिनांक 15 मार्च, 2026 तक। |
| 6. | निरीक्षण मण्डल का गठन। | दिनांक 25 मार्च, 2026 तक।<br>(1) अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 22 मार्च तक निरीक्षण मण्डल का गठन के संबंध में आवेदन किया जायेगा।<br>(2) तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा 25 मार्च तक निरीक्षण मण्डल का गठण कर लिया जायेगा। |
| 7. | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना। | दिनांक 10 अप्रैल, 2026 तक। |
| 8. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने | दिनांक 24 अप्रैल, 2026 तक। |

| | | |
|---|---|---|
| | की अन्तिम तिथि। | |
| 9. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के संबंध में लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 10 मई, 2026 तक। |
| 10. | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 31 मई, 2026 तक। |

**नोटः–** शासनादेश दिनांक 06.11.2025 के माध्यम से निर्गत शेष दिशा–निर्देश यथावत् रहेंगे।

**भवदीय,**

**कुलसचिव**

प्रतिलिपिः–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. व्यैक्तिक सहायक कुलसचि को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. क्षेत्रीय, उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त राजकीय महाविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यलाय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

/

**कुलसचिव**